हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

13 टेक्नोफेस्ट 2.0 का भव्य समापन, विद्यार्थियों को प्रशस्ति ...



14 विराट कलश यात्रा से ग्राम अंजोरा में फैली गायत्री ...





## खबर संक्षेप

### मीनाक्षी साहू उप संचालक पद पर पदोन्नत, जिला प्रशासन ने दी भावभीनी विदाई



**बालोद।** जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू के उप संचालक के पद पर पदोन्नत होने के उपरांत संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग इंद्रावती भवन नया रायपुर में स्थानांतरण होने पर जिला प्रशासन की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, नूतन कंवर, अजय किशोर लकरा सहित संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर, एसडीएम गुण्डरदेही प्रतिमा ठाकरे झा, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कृष्ण बने जिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रमुख



**गुरूर।** लेक्चरर पद से स्वैच्छिक रिटायरमेंट लेकर समाज सेवा व राष्ट्र सेवा की सोच रखने वाले गुरूर नगर के कृष्ण कुमार ठाकुर को जिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रमुख बनाया गया है। जिसके नियुक्ति पर परिजनो के साथ पार्टी कार्यकर्ताओ व नेताओ ने हर्श व्यक्ति की है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ट्रैक्टर ने बाईक को ठोकर मार दी। जिससे बाईक सवार युवक घायल हो गए। जिसके बाद घायल युवक के पिता ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम तेलीन सत्ती थाना अर्जुनी जिला धमतरी निवासी कृष्णा सिन्हा पिता स्व सीताराम सिन्हा 50 वर्श ने पुलिस को बताया कि मेरे पुत्र पंकज जो घटना दिनांक 06 दिसंबर को ग्राम तमोरा अपने मामा के यहां आये थे, जो शाम 05.30 बजे ग्राम तमोरा से ग्राम हल्दी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 ए जी 7242 से अपने दोस्त लोकेश्वर साहू एवं रमन पटेल के साथ ग्राम हल्दी बेलौदी सडक मार्ग से हल्दी जाते समय डिगेश्वर कुमार साहू जो अपने ट्रेक्टर सीजी 24 ई 6190 को तेज रफ्तार से चलाकर मेरे पुत्र पंकज सिन्हा के मोटर साइकिल को ठोकर मार दिये, ट्रेक्टर के पीछे कुट्टी काटने का मशीन लगा था, ठोकर से मेरे पुत्र पंकज सिन्हा के हाथ पैर, सीना व पेट तथा कीडनी में चोट आया है। पंकज के दोस्त लोकेश्वर साहू के कंधा दाहिने हाथ के उंगली शेष पेज 12 पर

## आयोजन : शहीद परिवारों और नव चयनित महिला अभ्यर्थियों का किया सम्मान

# बालोद में विजय दिवस कार्यक्रम, भारत माता के वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद द्वारा विजय दिवस कार्यक्रम कर भारतमाता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद द्वारा मंगलवार को विजय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालयीन छात्रें द्वारा रैली निकालकर की गई, इस रैली में छात्रओं के साथ ही पूर्व सैनिक, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रैली घड़ी चौक से प्रारम्भ होकर सदर बाजार, मधु चौक होते हुए जय स्तंभ चौक पर रुकी, जहां पर रित परेड द्वारा भारत माता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मंचीय कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में बालोद जिले के शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। बालोद जिले से नगर सेना में नव चयनित महिला अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद द्वारा विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले पूर्व सैनिक देवेन्द्र डड़सेना को शिक्षा के क्षेत्र में, बालोद गौरव अलंकरण, पर्यावरण के क्षेत्र में एमंत साहू को, खेल के क्षेत्र में किशोर नाथ योगी को, सामाजिक क्षेत्र में कोमल कुमार साहू को सम्मानित किया गया।

■ बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति कार्यक्रम से समापन



कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त कर्नल जेएसएस कक्कड़ योद्धा 1971 भारत पाक युद्ध, प्रांत संघचालक छग़ प्रांत टोप लाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बालोद संतोष साहु व नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद नंदकिशोर साहू द्वारा किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में 1971 के युद्ध के विषय में प्रकाश डाला और कहा कि यह विजय दिवस भारतीय वीरों के अद्वितीय शौर्य, अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने तथा उसे देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण और गौरवमय साधन है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू ने कहा कि इस आयोजन से जिले में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता को और अधिक बल मिलेगा, तथा युवा पीढ़ी को अपने देश के इतिहास और गौरवशाली परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम हमारे सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इस कार्यक्रम के शेष पेज 12 पर

# गाली-गलौज व मारपीट काउंटर केस फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



ब्यारा में रखे धान को ले जाने के नाम पर पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पेण्डरवानी निवासी हंसराज साहू ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर को शाम 06:30 बजे ब्यारा जो मेरे पिता एवं मेरे दोनो चाचा का है, उसमें अपना धान को मिजाई कर रखा था, जिसे मैं ट्रेक्टर से ले जा रहा था, जिसे सुनीता साहू आकर रुकवा रही थी, क्योंकि मेरा धान बेचने का टोकन सोसायटी में कटा था, तब मै बोला की मेरा धान है मै लेकर जाउंगा कहने पर सुनीता ट्रेक्टर को रूकवाने के लिये आ गई, मुझे गाली गलौच कर दो–दो शादी किया है कह कर मुझे धमकी देने लगी, मेरे माँ बाप वंहा पर बैठे थे तो उनको भी गाली गलौच कर मेरी माता के बाल को खीच कर हाथ मुक्का से मारपीट किये है, जिससे मां रेखा बाई के सिर में चोट है, कुछ देर बाद ओंमकार साहू आया और मुझे गाली गलौच व धमकी देकर मुझे मारने के लिये डंडा तथा टंगिया को उठाये थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पेण्डरवानी निवासी सुनीता साहू ने पुलिस को बताया कि 10 दिसंबर के करीबन 06:30 बजे हंसराज ने किराये के ट्रेक्टर को मेरे ब्यारा में ले जाकर खडा किया था और अपना धान को ट्रेक्टर में भर रहा था, मै ट्रेक्टर के ड्रायवर को बोली की किसको पूछ कर मेरे ब्यारा में ट्रेक्टर घुसाये हो और मेरे ब्यारा में हंसराज ने अपना धान रखा है तो वह धान मेरा है, चोरी कर धान को ले जा रहे हो कहने पर हंसराज मुझे गाली गलौच कर मुझे मारने के लिये गैती को उठाया, तब कामदेव ने गैंती को छुडाया, तब हंसराज ने वंही पर रखा रापा को उठाकर धमकी देने लगा, उसी समय मेरे पति आये तो उसे डंडा से पीठ में मारा। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

■ खलिहान में रखे धान को लेकर हुआ विवाद

### नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन आज

**गुरूर।** नगर में आज विराट हिन्दू सम्मेलन होगा। सम्मेलन प्रातः 11 प्रारंभ होगा। सम्मेलन मे साधू संतों का संगम होगा। सर्व हिन्दू समाज गुरूर द्वारा जात पात की करो विदाई हम सब हिन्दू भाई भाई की भावना के सांथ सम्मेलन होगा। सम्मेलन का आयोजन 18 दिसंबर को बाजार चौक गुरूर में किया गया है।

# अंडरब्रिज निर्माण के विरोध में डीआरएम को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

कराने की मांग को लेकर दिए गए ज्ञापन पर बुधवार को दयानंद रेलवे विभाग के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डी आर एम) रायपुर स्पेशल स्पाइक ट्रेन से कुसुमकसा रेलवे फाटक के पास अधिकारियों के साथ पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की, डी आर एम ट्रेन से नीचे उतरकर लभग 200 मीटर पैदल चलकर जगह का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा की ,ग्रामीणों ने रेलवे फाटक की जगह अंडरब्रिज निर्माण होने से समीपस्थ बारहमासी नाले का पानी का अंडरब्रिज में सीपेज होने से व बारिश में नदी में आने वाली बाढ़ का पानी भर जाने आवागमन में होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए अंडरब्रिज की जगह ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग रखी साथ ही समीपस्थ ग्रामों के रेल लाइन के नीचे निर्मित अंडरब्रिज से ग्रामीणों को असुविधा को अवगत कराया।

■ विधायक और सांसद से मुलाकात कर हस्तक्षेप की मांग करेंगे ग्रामीण

दयानंद (डी आर एम रायपुर )ने ग्रामीणों को बताया की पार्लियामेंट के निर्देशानुसार सभी जगह रेल लाइन के समस्त रेल फाटक को बंद करना है। शासन द्वारा उक्त रेल फाटक की जगह अंडरब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी है, इसलिए अंडरब्रिज निर्माण ही होगा, हमारे हाथ में कुछ भी नही है, अंडरब्रिज निर्माण की बात कह कर स्पाइक ट्रेन में सवार होकर दल्लीराजहरा की ओर चले गए।

ग्रामीणों ने बताया की उक्त मार्ग से कुसुमकसा गुण्डराटोला, अडजाल, खलारी, टेकाढोडा , हाथीघोर्रा, पल्लेकसा धोबनी ,सिंघनवाही, घोटिया सहित अन्य ग्राम के ग्रामीणों का आवागमन का मुख्य मार्ग है। कुसुमकसा के किसानों का खेत रेल्वे फाटक से उस पार होने के कारण कृषि कार्य हेतु खेतों में जाने के लिए उक्त मार्ग का ही उपयोग करते है, गुण्डराटोला, अडजाल, सहित समीपस्थ शेष पेज 12 पर

## प्रशिक्षण से महिला कमांडो में बढ़ा आत्मविश्वास

# नशामुक्ति, साइबर अपराध व स्वच्छता को लेकर चार सौ महिला कमांडो हुए प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नशामुक्ति साइबर क्राइम एवं घर का पानी गली में ना बहने देने विषय पर महिला कमांडो प्रशिक्षित हुई। गांव एवं शहर स्तर की महिलाओं को चिन्हित कर स्वयं सेवी महिला कमांडो बनाया गया है, विगत दिनों रिसोर्स सेन्टर गुण्डरदेही में चार सौ महिला कमांडो का प्रशिक्षण कार्यशाला नशामुक्ति साइबर क्राइम से बचाव एवं घर का पानी गलियों में ना बहने दे विषय पर पद्मश्री शमशाद बेगम के द्वारा महिला कमांडो को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें रात्रिकालिन गस्त करते हुए सावधानी बरतने तथा अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु कहा तथा किसी भी प्रकार के लालच में नही आने मोबाइल में लुभावने मेसेज को तत्काल डिलीट करने, प्रलोभन में नहीं आने हेतु आमलोगो को जागरूक करते हुए सर्तक रहने की सलाह दिया गया। गाँव घर में पानी गलियों में बहता रहता है ऐसे घरों में जाकर उन्हें निकासी द्वार पर सोखता गडडा बनाने हेतु प्रेरित करने की सलाह देकर गाँधीवादी तरीके से कार्य पूर्ण करने की विधि बतलाया गया। बीएसपी राजहरा द्वारा प्रदान किया गया बड़ा सर्व टार्च छत्तीस ग्रामों की महिला कमांडो को वितरण किया गया जो इनके रात्रि कालिन गस्त मे बहुत ही उपयोगी साबित होगा। सरीता कंवर महिला कमांडो बतलाती है कि यह प्रशिक्षण हम लोगो को बहुत अच्छा और कार्यो में सहायक होगा। आज हमे रात्रि कालिन गस्त हेतु टार्च मिला है।

■ रात्रिकालीन गश्त व सतर्कता के लिए महिला कमांडो को किया गया जागरूक



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### भिलाईनगर विधानसभा के लिए राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत 5 विकास कार्यों के लिए 23 लाख 48 हजार 274 रूपए की स्वीकृत दी है। विधानसभा भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार भिलाई नगर वार्ड क्र. 63 सड़क नंबर 67 एवं 68 के मध्य सेक्टर 6 भिलाई में सार्वजनिक डोम शेड कार्य किये जाने हेतु फेस 1 कार्य फाउण्डेशन कार्य एवं टाईल्सयुक्त मंच निर्माण के लिए 9 लाख 99 हजार 24 रूपए, सेक्टर-06 भिलाई में बाके बिहारी डोम शेड के पास 01 नग बोर खनन एवं सार्वजनिक महिला/पुरूष शौचालय निर्माण के लिए 02 लाख 50 हजार रूपए, सार्वजनिक दुर्गोत्सव जेपी सीमेंट रोड सड़क नं. 3, सेक्टर-5 भिलाई के पास 1 नग बोर खनन कार्य के लिए 99 हजार 413 रूपए, वार्ड क्र. 48, जोन 03, खुर्सीपार के पास पम्प हाउस मैदान में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण, शेड निर्माण, चेनलिंग फेंसिंग कार्य एवं कक्ष निर्माण कार्य के लिए 06 लाख रूपए और सेक्टर-07 भिलाई कूर्मि भवन के समीप सार्वजनिक डोम शेड का विस्तारीकरण एवं संधारण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 837 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### वैशाली नगर के लिए 70 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत विकास कार्य के लिए 70 लाख रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वैशाली नगर की लाल मैदान पावर हाउस में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 70 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### तेखन बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता लगातार संगठन में सक्रिय तेखन सिन्हा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्याप्त किया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद जिला कार्यालय में आगमन के पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तेखन सिन्हा बधाई दी। इस मौके पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, हर्षा चंद्राकर, सुश्री सरिता मिश्रा, अशोक राठी, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, हिमा साहू, शैलेंद्र शैंडे, शैलेंद्री मांडवी, ओमप्रकाश सेन, ध्रुव सचदेव, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित, दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया आदि मौजूद रहे।

### देहदान की वसीयत फाउंडेशन को सौंपी

दुर्ग। सीनियर इंजीनियर ग्रीन वैली जुनवानी भिलाई निवासी मार्टिन देहरी ने अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया एवं दयाराम टांक को सौंपी। मार्टिन देहरी की पत्नी ज्योति देहरी एवं पुत्री साक्षी देहरी वसीयत के साक्षी बने। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों नेमार्टिन देहरी के देहदान के निर्णय की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मार्टिन देहरी ने कहा कुछ समय पहले उनकी पुत्री का आकस्मिक निधन हो गया था उस समय ही उन्होंने सोच लिया था कि मुझे अपनी मृत्यु के बाद पूरा शरीर समाज के हित में दान देना है। नवदृष्टि फाउंडेशन के अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, रितेश जैन आदि मौजूद थे।

# परिवार और समाज की मौजूदगी में 200 से अधिक युवक-युवतियों ने चुने जीवन साथी

## सिन्हा कलार समाज के पारवारिक मिलन समारोह का गौरवमयी स्वर्णिम महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज जन कल्याण समिति भिलाई नगर के पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के कई दिलों का मिलन हुआ। दो दिवसीय भव्य आयोजन में विवाह योग्य 400 से अधिक युवक-युवतियां शामिल हुए। इनमें से 200 युवाओं ने परिवार और समाज की मौजूदगी में अपने जीवन साथ चुनने का निर्णय लिया। समारोह भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मैदान में हुआ। जहां युवक-युवतियों की परिचय विवरणिका के 23 वां अंक का विमोचन भी किया गया।युवक-युवती परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों को 50साल की गौरवमयी यात्रा के लिए बधाई देते हुए कहा कि, परिवार की एकजुटता से समाज की मजबूती तय होती है। 50 साल पहले समाज के वरिष्ठों द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन के रूप में रोपी गई बीज आज विशाल वटवृक्ष बन चुकी है। जिसकी छाया में हम सभी खड़ें है। समाज की इस प्रेरणादायक कार्यक्रम हम सभी के लिए ऐतिहासिक और गौरवमयी है।

विशिष्ट अतिथि व समाज सेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि पारिवारिक मिलन समारोह के रूप में इतना बड़ा और भव्य कार्यक्रम पहली बार देखने को मिल रहा है। उन्होंने समाज के बच्चों की शिक्षा पर केनद्रित करने कहा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को अपनी संस्था के माध्यम से मदद करने की बात कही है।



### समाज को किया गौरन्वित, हुआ सम्मान

जन कल्याण समिति की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा(सीजीपीएससी) के माध्यम से सहायक संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग के पद पर चयनित गुण सागर सिन्हा और सहायक जेल अधीक्षक के पद चयनित किशोर जायसवाल, सब रजिस्टार डिम्पल डड़सेना को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ अनिता डड़सेना (पीएचडी), डॉ वर्षा सिन्हा (एमडी), आयुष सिन्हा, (एमटेक आईआईटी), हिमांशु सिन्हा (एम टेक एनआईटी), डॉ ममता सिन्हा (पीएचडीध्नर्सिंग), दिव्यांग डड़सेना (नीट), कक्षा.12वीं में मान्यता सिन्हा को प्रथम और नंदिता सिन्हा को द्वितीय, (कक्षा.10वी सीबीएसई बोर्ड से सौम्या डड़सेना प्रथम, आयुषी सिन्हा को द्वितीय और सीजीएसई बोर्ड से अर्चना सिन्हा को प्रथम और तनीषा सिन्हा को द्वितीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## युक्तियुक्तकरण : स्कूल शिक्षा मंत्री यादव द्वारा कार्रवाई के निर्देश

# 193 शिक्षकों के अभ्यावेदन हुए अमान्य ज्वाइनिंग के लिए तीन दिन की मोहलत

## जेडी ने सभी जिलों के डीईओ से मांगी आनन-फानन में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव युक्तियुक्तकरण के अभ्यावेदन अमान्य होने के बाद भी शिक्षकों द्वारा ज्वाइनिंग नहीं किए जाने से खफा हैं। इसलिए युक्तियुक्तकरण की सुनवाई पूरी हुए महीना बीत गया है। दसवी - बारहवीं बोर्ड की परीक्षा फरवरी में है। प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में कोर्स अधूरा है। मौजूदा हालात से निपटने के लिए शिक्षा मंत्री ने हाल ही में दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारियों को ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इस निर्देश के बाद दुर्ग संभागीय शिक्षा संयुक्त संचालक ने दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कवर्धा, मानपुर मोहला-चौकी जिले के डीईओ से ज्वाइनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों का ब्योरा मांगा है।

### ज्वाइनिंग नहीं होने से शिक्षा पर ऐसा असर

**केस 1**

#### तिमाही का रिजल्ट खराब

युक्तियुक्तकरण के प्रकरण अमान्य होने के बाद भी शिक्षकों के ज्वाइनिंग नहीं दिया है। प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में हाल ही में अर्द्धवार्षिक परीक्षा हुई है। तिमाही परीक्षा का रिजल्ट अच्छा नहीं रहा। इसकी वजह कई स्कूलों में शिक्षकों के नहीं होने की वजह से पढ़ाई नहीं हो पाई। परीक्षा की तैयारी नहीं करवा पाए।

**केस 2**

#### 188 स्कूल डी ग्रेड में

दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी चल रहा है। रिपोर्ट आई तो 188 स्कूल डी ग्रेड वाले निकले। जिसमें 66 प्राइमरी, 80 मिडिल, 19 हाई स्कूल और 23 स्कूल हायर सेकंडरी के हैं। इन स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बनाई है लेकिन टीचरों की कमी से यह कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

**केस 3**

#### बोर्ड परीक्षा फरवरी में

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस बार दसवी और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा फरवरी में आयोजित किया जा रहा है। इसके पहले यह परीक्षा मार्च में होती रही है। इस निर्णय की वजह से हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में प्रेक्टिल पूरा करवाने और कोर्स पूरा करने का दबाव है। हाल यह है कि महज 70 प्रतिशत कोर्स ही पूरे हो पाए हैं।

**केस 4**

#### मॉडल शिक्षा का लक्ष्य अधूरा

दुर्ग जिले को शिक्षा का मॉडल जिला बनाने के निर्देश मिले हैं। इसके लिए राज्य स्तर पर अधिकारियों ने दुर्ग जिले को कार्ययोजना दी है। शिक्षकों की कमी के चलते मॉडल शिक्षा जिला की योजना मैदानी स्तर पर अमल में लाना एक चुनौती जैसा हो गया है। राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर पर अधिकारियों की बैठकें हो रही है लेकिन धरातल पर स्थिति विकट है।

### छह महीने हो गए ज्वाइनिंग नहीं दी

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की शुरूआत जुलाई महीने से हुई। इस तरह अब तक छह महीने हो गए हैं। लेकिन अभ्यावेदन प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों ने स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं दी है।। युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों और अध्ययनरत बच्चों के तय अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना हो दुरूस्त किया गया। यानी अतिशेष की गणना की गई। अतिशेष शिक्षकों को जिले के रिक्त पद नहीं मिलने पर दूसरे जिले में भेजने का आदेश हुआ। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में विसंगति बताई और हाईकोर्ट में याचिका दायर किया गया। याचिका में कहा गया कि बिना दावा आपत्ति लिए जिला शिक्षा विभाग ने उन्हे दीगर जिले में भेज दिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में कलेक्टर को निर्देश जारी किया कि वे इन प्रकरणों की सुनवाई जिला स्तर पर करें। जिला स्तर से प्रकरण संभाग में आया। संभाग में 207 शिक्षकों के अभ्यावेदन आए थे। जिसकी सुनवाई के बाद 13 प्रकरणों को मान्य किया गया। शेष 193 प्रकरण अमान्य किए गए हैं।

### दुर्ग जिले से दूसरे जिले भेजे गए शिक्षक

मीरा यादव शिक्षक एलबी हिन्दी, कंचनलता पाटिल शिक्षक कला कुरूद भिलाई, संगीता निर्मलकर शिक्षक एलबी खेदामारा, मातंग सिंह साहू शिक्षक गणित महुदा पाटन, युवराज सिंह बेलचंदन शिक्षक गणित निकुम दुर्ग, गीता बारमासे शिक्षक कला ननकट्ठी दुर्ग, मैरूननिशा शिक्षक विज्ञान पोटियाकला दुर्ग।

### संभाग स्तरीय सुनवाई तिथिवार

| तिथि | प्रकरण | मान्य | अमान्य |
|---|---|---|---|
| 17 जुलाई | 40 | 03 | 37 |
| 25 जुलाई | 50 | 01 | 49 |
| 30 जुलाई | 51 | 06 | 45 |
| 25 अगस्त | 57 | 03 | 54 |
| 3 अक्टूबर | 08 | 00 | 08 |
| 30 अक्टूबर | 01 | 00 | 01 |
| कुल | 207 | 13 | 193 |

### तीन दिन की मोहलत

युक्तियुक्तकरण की सुनवाई पूरी कर ली गई है। मान्य व अमान्य की सूचना भी दे दी गई है। जिन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दिया है स्कूली शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद हमने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से ब्योरा मांगा है। 50 शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं दी है। उन्हें तीन दिन की मोहलत दी गई है। उसके बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-**आरएल ठाकुर**, संयुक्त शिक्षा संचालक , दुर्ग संभाग

# कृषि केंद्र में छापा, एग्री बुस्टर में मिली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड दुर्ग अंतर्गत निजी कृषि आदान विक्रय प्रतिष्ठान डर्की मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड आनंद नगर धनौरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण संभागीय कार्यालय से सहायक संचालक कृषि हेमंत बघेल, जिला कार्यालय से सहायक संचालक कृषि सुचित्रा दरबारी, उर्वरक निरीक्षक नवीन खोब्रगढ़े एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

■ निर्धारित स्टॉक से ज्यादा का भंडारण भी मिला

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में एग्री बुस्टर का भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। जिसकी जब्त मात्रा लगभग 8889 लीटर राशि लगभग 26.67 लाख रूपए की अनुमानित कीमत आंकी गई। दस्तावेजों की जांच करने पर स्टॉक एवं विक्रय से संबंधित अभिलेखों में अनियमितता पाई गई। उपलब्ध इनवॉयस एवं स्टॉक विवरण के अनुसार कुल भंडारण एवं विक्रय में अंतर पाया गया, जिसके संबंध में प्रतिष्ठान द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

जांच के दौरान एग्री बूस्टर की कुल बोतलों का मिलान किया गया, जिसमें निर्धारित अवधि में विक्रय एवं शेष स्टॉक में विसंगति पाई गई। प्रथम दृष्टया नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित सामग्री को जब्त करते हुए आवश्यक प्रावधानानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही नमूना परीक्षण के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा गया है। कृषि विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं मानक अनुसार कृषि आदान उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

## एबीवीपी का अधिवेशन 19 से

भिलाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रदेश का 58वां प्रदेश अधिवेशन दिनांक 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को सेक्टर-6 सिविक सेंटर के कला मंदिर में आयोजित है।अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता अरुण साव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया उपस्थित होंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ सत्र 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार पाण्डेय (बिलासपुर) एवं प्रदेश मंत्री अनंत सोनी अंबिकापुर 19 दिसंबर को अधिवेशन के उद्घाटन सत्र के पश्चात औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

अधिवेशन से पूर्व 18 दिसंबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं 19 दिसंबर को अभाविप ध्वज का ध्वजारोहण एवं वंदेमातरम् गीत के साथ अधिवेशन का औपचारिक शुभारंभ होगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित बघेल द्वारा अधिवेशन की प्रस्तावना प्रस्तुत की जाएगी।

# न्याय मित्र मोबाइल एप्लिकेशन का वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला दुर्ग में न्यायिक अवसंरचना एवं वैकल्पिक विवाद समाधान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग के आवासीय क्वार्टर के निर्माण के लिए वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही, इस गरिमामय कार्यक्रम में समाधान और सद्भाव की यात्रा 90 दिवसीय मीडिएशन ड्राइव - मीडिएशन फार द नेशन विषयक पुस्तक का विमोचन तथा न्यायिक सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल एवं सुलभ रूप से पहुँचाने न्याय मित्र मोबाइल एप्लिकेशन का वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर तथा न्यायाधिपति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़,



बिलासपुर एवं पोर्टफोलियो जज, जिला दुर्ग उपस्थित थे। न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि न्यायिक अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण किसी भी प्रभावी एवं उत्तरदायी न्याय प्रणाली की आधारशिला है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के लिए आवासीय क्वार्टरों का निर्माण न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक सुविधा प्रदान करेगा, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक समर्पण एवं दक्षता के साथ कर सकेंगे। वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली, विशेषकर मीडिएशन, भारत के मुख्य न्यायाधिपति का विजन एवं आज के समय की आवश्यकता है।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 19 को

दुर्ग। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के तीनों विकास खंडों के युवा कलाकारों के लिए है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को इन विधाओं में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा जिसमें लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा और रॉकबैंड। प्रतिभागी अपनी संबंधित सामग्री स्वयं लाएँगे।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजन में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक होना चाहिए।

## पेज 11 के शेष

### बालोद में विजय दिवस ...

माध्यम से हम हमारे वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर सके। इस विजय दिवस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

### अंडरब्रिज निर्माण के विरोध ....

ग्रामों के स्कूली बच्चों को उक्त मार्ग से कुसुमकसा के शालाओं में अध्ययन करने आना पड़ता है उनको भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणजन अंडरब्रिज निर्माण का पुरजोर विरोध करते हुए अंडरब्रिज की जगह ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग कर रहे है, ग्रामीणों ने एकजुट होकर अंडरब्रिज निर्माण का विरोध करने पर सहमति बनी और आगामी ग्राम सभा की बैठक में रेलवे फाटक की जगह प्रस्तावित अंडरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया को निरस्त कराकर ओवरब्रिज निर्माण कराने का प्रस्ताव पारित कर शासन प्रशासन को भेजने पर सहमति बनी है। साथ ही क्षेत्र के विधायक व सांसद से मिलकर ग्रामीणों की उक्त समस्या का निराकरण हेतु पहल करने निवेदन करने का निर्णय लिया गया। वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ,मिथलेश निरोटी जिला पंचायत सदस्य,नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य,आत्माराम दुग्गा (सरपंच खलारी), गीता भंडारी (सरपंच अड़जाल )मोहन सिंद्रामे ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य,संजय बेस पूर्व जनपद सदस्य,नितिन जैन उपसरपंच , योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष कुसुमकसा भाजपा मंडल कन्हैयालाल भौसार्य, आत्माराम चुरेंद्र, जगन्नाथ सिवना, कृपाराम सिन्हा, शिवराम सिंद्रामे, संतोष जैन ,जोगी रावटे,सुगरा बेगम ,सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक ...

तथा रमन पटेल के पैर तथा जांघ में चोंट आये है। मैंने मेरे पुत्र पंकज को ईलाज धमतरी में ले जाकर भतऍ किया हूं।

## समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश, लंबित कार्य जल्द पूरे करने कहा

# कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त ने शासन की विभिन्न योजनाओं और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2021–22 से लंबित निर्माण कार्यों, निविदा प्रक्रिया, स्वच्छता, सड़क, नाली, उद्यान, शौचालय, सांस्कृतिक भवन सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी जोन आयुक्त सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

■ स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर साफ सफाई में विशेष फोकस

आयुक्त राजीव पांडेय ने स्पष्ट किया कि जो निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने की जिम्मेदारी संबंधित जोन आयुक्त और कार्यपालन अभियंता की होगी। यदि किसी कार्य की वर्तमान में आवश्यकता नहीं है, तो उसकी जांच कर नस्ती अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रस्तुत की जाए। आयुक्त ने किसी भी कार्य की फाइल अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। निविदा प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तय समय और तिथि पर निविदा खोली जाएगी और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। 10 लाख रुपये से अधिक के कार्यों की निविदा व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्रकाशित करने के निर्देश भी दिए गए।



### एसएलआरएम सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश

बैठक में 7 स्थानों पर निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर को लेकर विशेष चर्चा हुई। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताई गई कमियों को सात दिनों के भीतर दूर करने और जनवरी 2026 से सभी 7 एसएलआरएम सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य अधिकारी को पुनः स्थल निरीक्षण कर स्थिति से अवगत कराने को कहा गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए उद्यानों की नियमित साफ-सफाई, सभी सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण और निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सी एंड डी वेस्ट हटाने, रास्ता निर्माण और मटेरियल वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### स्वीकृत कार्यों की प्रगति की पोर्टल में एंट्री अनिवार्य

बैठक में यह भी कहा गया कि सभी स्वीकृत कार्यों की प्रगति की एंट्री अनिवार्य रूप से पोर्टल में की जाए। 14वें वित्त आयोग और खनिज न्यास मद से स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर को सुचारू रूप से संचालन के लिए कार्यवाही करने, अटल परिसर नेहरू वाटिका में चल रहे निर्माण को एक सप्ताह में पूरा करने, रामनगर मुक्तिधाम के विकास से जुड़े प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने और एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित मानकों के अनुसार ही कार्य कराए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत न आए।

## चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकान संचालक पर कार्रवाई

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में चाइनीज मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर एक बार फिर कार्रवाई की गई। अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम अमला ने वार्ड 52 बोरसी पहुंचकर जय शंकर किराना स्टोर्स में मांझा की जांच की। इस दौरान प्रतिबंधित मांझा जब्त करते हुए 5 हजार रुपये का जुर्माना राशि वसूला गया। शहर क्षेत्र अंतर्गत निरन्तर निगम के बाजार विभाग और अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम अब शहर में घूम-घूमकर चाइनीज मांझा की खरीद-फरोख्त, परिवहन, भंडारण और उपयोग पर निगरानी रखेगी तथा नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### फुटकर व्यापारी की गोदाम से 108 कट्टा धान जब्ती की

**बालोद।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आज कृषि उपज मंडी बालोद के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी बंगला के फुटकर व्यापारी पितांबर साहू के गोदाम की जांच कर लगभग 108 कट्टा धान जब्त करने की कार्रवाई की गई है। कृषि उपज मंडी के उप निरीक्षक सिदार द्वारा उक्त धान को जप्ती की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण कर जब्त की गई धान को व्यापारी को सुपुर्द कर दिया गया है।

### धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने प्रदर्शन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर दुर्ग ब्लाक के तीन खरीदी केन्द्रों में किसानों ने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और किसानों को पर्याप्त संख्या में टोकन जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आलबरस में खाड़ा, आमटी, मासाभाट आलबरस गांव के, निकुम केंद्र में मासाभाट, आमटी, रूदा, निकुम गांवों के और अंडा केंद्र में विनायकपुर, जंजगिरी, चिंगरी, अंडा गांवों के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनकारी किसानों ने धान खरीदी की धीमी गति और टोकन मिलने में होने वाले कठिनाईयों के बारे में बताया कि पहली बार धान बेचने वाले किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## कलेक्टर मिश्रा ने विज्ञान और सृजनात्मकता को नए आयाम देने की बात कही

# टेक्नोफेस्ट 2.0 का भव्य समापन, विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित









हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में आयोजित 02 दिवसीय बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आज भव्य समापन किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा–निर्देशन में आयोजित बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का यह आयोजन बालोद जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं सृजनात्मकता को नया आयाम स्थापित करने वाला साबित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव थे।

■ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने शिक्षकों और विद्यार्थियों की सराहना की

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले मॉडलों को निर्माण करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन के दौरान कक्षा 6वीं से 8वीं एवं कक्षा 09वीं से 10वीं तथा 11वीं से 12वीं कक्षा के लिए विद्यार्थियों के मॉडलों का वर्गीकृत किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष राकेश यादव ने बेहतरीन एवं दूरगामी सोच वाले मॉडलों के निर्माण सुनिश्चित करने हेतु अपने विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन व सहयोग करने वाले शिक्षकों की सराहना की। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के माध्यम से जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सृजनात्कता को नया आयाम मिलेगा। मिश्रा ने कहा कि बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के लिए जिले से कुल 1589 आइडियाज प्राप्त हुए थे। इतनी बड़ी संख्या में आइडियाज प्राप्त होना ग्रामीण परिवेश वाले बालोद जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मिश्रा ने कहा कि जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम मालीघोरी में 09 से 13 जनवरी तक प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 में प्रदर्शित किए गए 50 बेहतरीन मॉडलों को राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में प्रदर्शित करने की जानकारी भी दी। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना के विकास की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को सुखमय बनाने तथा समय एवं श्रम की बचत करने में विज्ञान का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि विज्ञान, मानव सभ्यता के शुरूआती दौर में पहिए की खोज से लेकर आज अत्याधुनिक दौर में विज्ञान के चर्मोत्कर्ष पर पहुँच गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने इस दो दिवसीय आयोजन को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना एवं –ष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा कक्षा 6वीं से 8वीं के अंतर्गत प्रथम स्थान पर रहे शासकीय कन्या माध्यमिक शाला गुरूर, द्वितीय स्थान पर रहे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सुरेगांव, तृतीय स्थान पर रहे पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कन्नेवाड़ा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा 9वीं से 10वीं के अंतर्गत प्रथम स्थान पर रहे शासकीय आदर्श कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल बालोद, द्वितीय स्थान पर रहे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मोहंदीपाट तथा तृतीय स्थान पर रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकण्डरी स्कूल अर्जुंदा को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 11वीं एवं 12वीं कक्षा के अंतर्गत प्रथम स्थान पर रहे स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बालोद, द्वितीय स्थान पर रहे शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कोटगांव एवं तृतीय स्थान पर रहे शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धनेली के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बालोद टेक्नोफेस्ट के आयोजन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं का भी सम्मान किया गया।



## क्रिकेट टूर्नामेंट श्रीराम ट्रॉफी

# मुंबई ने छत्तीसगढ़ को 36 रन से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

यंग स्पोर्ट्स संस्था द्वारा आयोजित स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में खेले जा रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट श्रीराम ट्रॉफी के अंतर्गत आज पहला सेमीफाइनल मुकाबला मुंबई एवं छत्तीसगढ़ के बीच खचाखच भरे लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मुंबई ने छत्तीसगढ़ को 36 रन से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि समाजसेवी भगत सोनी एवं मोनिका चंद्राकर (भिलाई) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं मैच के समापन पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी उनके करकमलों से प्रदान किया गया।

**मैन ऑफ द मैच:** मुंबई टीम के शानदार गेंदबाज सिद्धेश कानतोड़े को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मुकाबले के निर्णायक छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अंपायर सपन काकडे एवं हिमाचल साहू रहे। स्कोरर की भूमिका शेख फरीद सिद्दीकी एवं अजय छेदाम ने निभाई। मैच के दौरान यंग स्पोर्ट्स संस्था के संरक्षक लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, बालोद जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, अध्यक्ष मोहन निषाद, उपाध्यक्ष जसराज शर्मा, सचिव उत्तम मालेकर सहित सदस्यगण दिलीप बाफना, महेंद्र जायसवाल, सुमित शर्मा, लोकेंद्र ठाकुर, लोकेश दुबे आदि उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज बिहार एवं महाराष्ट्र के बीच खेला जाएगा। यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी धीरेंद्र टाक ने दी।

# ग्रामीणों ने पारंपरिक जल संचय कार्य कर हरियाली और जल संरक्षण को बढ़ावा दिया



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदारी दल्ली के आश्रित ग्राम हुच्चेटोला में ग्रामीणों द्वारा श्रमदान के माध्यम से पारंपरिक जल संचय कार्य किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के समीप स्थित बुड़गा नाला में मिट्टी को बोरियों में भरकर पारंपरिक विधि से जल प्रवाह को रोका।

■ ग्राम पंचायत नेतृत्व और ग्रामीणों ने सामूहिक सहभागिता की सराहना की

इस जल संचय कार्य से नाला क्षेत्र के आसपास के कृषकों को दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। साथ ही जंगली पशु-पक्षियों एवं मवेशियों के लिए भी पीने योग्य पानी की सुविधा सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की सरपंच रिस्की दुग्गा ने कहा कि जल संचय करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से गांव एवं आसपास के क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी तथा वन्य जीवों को भी जल उपलब्ध होगा। ग्राम पंचायत सचिव भागीरथी ओटी ने ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह सामूहिक सहभागिता से जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर रोजगार सहायक विक्रम सिंह भाण्डेकर, ग्राम पंच तरण लाल नेताम एवं आरती धुर्वे, वन समिति अध्यक्ष चंद्र कुमार भुआर्य, ग्राम पटेल ठेमन लाल देशमुख, खम्हन लाल भुआर्य, कर्ण सिंह कोमा, सुग्रीव कोमा, माखन लाल यादव, बुधु राम, रामचरण नेताम, सेवाराम नेताम, महेश कुमार नेताम, छगन लाल धुर्वे, मानसिंग कोमा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू, रेंगाडबरी ने दी।

# ऑफलाइन टोकन व्यवस्था से किसानों को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बुजुर्ग, बीमार जरूरतमंद लोगों के लिए 30 प्रतिशत तक ऑफलाईन टोकन जारी करने की व्यवस्था ने किसानों को राहत पहुंचाई है।

■ ग्राम अरौद के किसान रूमलाल यादव ने शासन की पहल की सराहना की



इसके तहत आसानी से अपने धान की बिक्री होने से ग्राम अरौद के किसान रूमलाल यादव बहुत ही प्रसनन्चित होकर शासन की इस नई व्यवस्था की सराहना की है। किसान रूमलाल यादव ने बताया कि पढ़े–लिखे नही होने के कारण उन्हें अपने धान की बिक्री करने हेतु तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से ऑनलाईन टोकन कटाने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने अपनी इस परेशानियों की जानकारी धान खरीदी केन्द्र लाटाबोड़ के कर्मचारियों को दी। इसके उपरांत धान खरीदी केन्द्र लाटाबोड़ के प्रबंधक एवं कर्मचारियों ने किसान रूमलाल यादव की जरूरतों को समझते हुए उन्हें ऑफलाईन टोकन की सुविधा प्रदान की। किसान रूमलाल ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र के माध्यम से उन्हें ऑफलाईन टोकन जारी होने के प"चात उन्होंने आज धान खरीदी केन्द्र लाटाबोड़ में पहुंचकर कुल 152 क्विंटल मोटा धान की बिक्री की है। किसान रूमलाल ने बताया कि उनके पास कुल 07 एकड़ कृशि भूमि है। जिस पर उनका परिवार खेती किसान कर जीविकोपार्जन करते है।

किसान रूमलाल ने बताया कि पिछले वर्श भी उन्होंने कुल 152 क्विंटल धान की बिक्री की थी। धान की बिक्री से उन्हें कुल 04 लाख 71 हजार 200 रूपये की राशि प्राप्त हुई थी। इस राशि का उपयोग उन्होंने खेती किसानी के लिए गए किसान ऋण को चुकाने एवं शेश राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई–लिखाई तथा इलाज आदि तथा अन्य जरूरी कार्यों में किया है। किसान रूमलाल ने राज्य सरकार द्वारा 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की योजना को किसान हित में लिए गए अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना बताया। इस दौरान किसान रूमलाल ने धान खरीदी केन्द्र में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालय, शुद्ध पेयजल, छांव इत्यादि सभी व्यवस्थाओं की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस व्यवस्था से हम सभी कृषक आसानी से अपनी धान की बिक्री कर रहे हैं।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष बने प्रीतपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

आदरणीय श्री प्रीतपाल बेलचंदन के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष पद पर चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी व्याप्त है। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व पर आसीन होने पर स्वः पुकेश्वर सिंह भरदिया शासकीय महाविद्यालय निकुम के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू जनसेवक की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

अध्यक्ष सुरेश साहू ने कहा कि बेलचंदन का चयन उनके लंबे अनुभव, सशक्त नेतृत्व क्षमता और सहकारिता क्षेत्र के प्रति निरंतर समर्पण का परिणाम है। उन्होंने



विश्वास जताया कि बेलचंदन के नेतृत्व में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक किसानों, ग्रामीणों एवं आमजन के हित में और अधिक प्रभावी एवं सशक्त भूमिका निभाएगा। शुभकामना संदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि बेलचंदन के मार्गदर्शन में बैंक पारदर्शिता, बेहतर सेवा और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। साहू ने उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान की अपेक्षा व्यक्त की।

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि न्यू कृष्णा नगर वार्ड 8 सुपेला निवासी दलवीर कौर के मकान में 23 नवंबर को चोरी की शिकायत मिली थी। दलवीर अपनी मां सुमित्रा के साथ घरेलू सामान लेने बाजार गई थी। ताला लगाकर चाबी खिड़की में रख कर गई थी।

# पीएचसी अरजपुरी व मंगचुआ में जन आरोग्य समिति की बैठक एवं कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

विकासखंड के अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरजपुरी एवं मंगचुआ में दिनांक 13 दिसंबर को जन आरोग्य समिति/जीवन दीप समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। अरजपुरी में बैठक दोपहर 12 बजे तथा मंगचुआ में दोपहर 2 बजे संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने की।

■ अरजपुरी व मंगचुवा में स्वास्थ्य एवं खेल से जुड़े कार्यक्रम आयोजित





बैठक में राज्य शासन की गाइडलाइन के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर औपचारिक घोषणा की गई। दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अस्पताल संचालन को और अधिक व्यवस्थित करने के उद्देश्य से लगभग 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया। प्रस्तावित कार्यों में अस्पताल परिसर में वाहन स्टैंड, बाउंड्रीवाल, हर्बल गार्डन, स्टाफ क्वार्टर, परिसर का सीमेंटीकरण/फेवर ब्लॉकिंग, स्टोर एवं लैब हेतु अतिरिक्त कक्ष, सभी खिड़कियों में एल्यूमिनियम जाली स्लाइडर सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। बैठक में गोविंद चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि, संतोषी ठाकुर , अमर सिंह खड़हा , देव राणा , गणेश रात्रे एवं दिनेश गुप्ता , पूनमचंद जैन (सरपंच प्रतिनिधि, मंगचुआ) सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अरजपुरी स्वास्थ्य केंद्र में हाल ही में हुए तीन सामान्य प्रसव की माताओं को जच्चा–बच्चा किट का वितरण भी किया गया। बैठक में दोनों स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी डॉ. प्रेम कुमार यादव एवं डॉ. मुकेश ठाकुर अपने समस्त स्टाफ के साथ मौजूद रहे। इसी क्रम में अरजपुरी में रात्रिकालीन एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि गोविंद चन्द्राकर, सरपंच संतोषी ठाकुर, अमर सिंह खड़हा, गणेश रात्रे, दिनेश गुप्ता, दिलीप बघेल , डॉ. प्रेम कुमार यादव, प्रदीप चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत बैच एवं फूलमालाओं से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सहदेव यादव ने किया। यह आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# डॉ. बी.एल. साहसी शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा में पदस्थ व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाओं, नवाचार

■ श्री मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ, उज्जैन द्वारा 116वें ब्रह्म पर्व के अवसर पर सम्मानित



एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ, उज्जैन (मध्य प्रदेश) द्वारा ब्रह्मलीन मौनी बाबा के 116वें ब्रह्म पर्व के अवसर पर आयोजित पांचवें राष्ट्रीय अधिवेशन अंतर्गत शाश्वत सम्मान समारोह 2025 में प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन, एम.डी. एजुकेशन सोसाइटी सरायपाली (छत्तीसगढ़) एवं कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिसंबर 2025 को दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी. आर. वासुदेवन शेष, सेवा निवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (भारत सरकार), चेन्नई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नंदलाल मणि त्रिपाठी पीतांबर, समसामयिक लेखक एवं ज्योतिषाचार्य, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संदीप गांधी, कुलसचिव, कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर तथा अमित पुरोहित, मौन तीर्थ पीठ उपस्थित रहे। दो दिवसीय संगोष्ठी में देश के 13 राज्यों से आए शिक्षकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका विषय पर आधारित अपने शोध आलेख प्रस्तुत किए। प्रथम दिवस शिक्षण कार्य, कुशल प्रबंधन, योजना निर्माण, शैक्षिक सुविधाएं, नेतृत्व एवं नियंत्रण के साथ एक शिक्षक के कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों पर विचार-विमर्श किया गया। द्वितीय दिवस सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। सम्मान समारोह में श्री श्री 1008 सुमनानंदजी महाराज, मुख्य अतिथि डॉ. पी. आर. वासुदेवन शेष, डॉ. नंदलाल त्रिपाठी पीतांबर, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गांधी एवं एम.डी. एजुकेशन सोसाइटी सरायपाली के डॉ. अनिल प्रधान की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर 13 राज्यों के चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. बी.एल. साहसी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. साहसी पूर्व में भी 11 राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं, जिनमें शिक्षा रत्न–2023, राज्यपाल पुरस्कार–2024 तथा कलिंगा विश्वविद्यालय सम्मान–2025 प्रमुख हैं। डॉ. साहसी को प्राप्त यह सम्मान बालोद जिला, डौण्डी लोहारा विकासखंड एवं वनांचल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि पर शाला परिवार, प्राचार्य, शिक्षकगण, मित्रों एवं परिजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**

## राजीव लोचन हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**अंडा।** पुलगांव चौक दुर्ग से चार किलो मीटर की दुरी में गुण्डरदेही रोड में स्थित राजीव लोचन हॉस्पिटल चंदखुरी में 15 दिसम्बर से एक माह तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. उन्नयन राज ने बताया कि शिविर में ऐसे मरीज जिन्हें शुगर, बी.पी., लीवर, किडनी, लकवा, साईटिका, माइग्रेशन, स्त्रीरोग, बांझपन, नस, पाचन संबंधी बीमारी, सिरोसिस, पाइल्स, फिस्टुला, हाइड्रोसिल या किसी भी प्रकार की शारीरिक समस्या है या लक्षण प्रतीत हो तो निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आकर उचित परामर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकतें है। चिकित्सालय में भर्ती योग्य मरीजों हेतु 60 शैय्या तथा सभी विभागों की ओ.पी.डी. की पूर्ण व्यवस्था है। डॉ. उन्नयन राज ने बताया कि चिकित्सालय परिसर में दवाई, पैथोलाजी, एक्सरे, फिजियोथैरेपी स्थापित है तथा मरीज एवं उनके सहायक के लिए भोजन हेतु केन्टीन की व्यवस्था है। चिकित्सालय में अनुभवी चिकित्सकों की सेवाएं 24 घंटे रहती है। शासकीय कर्मचारी एवं उनके आश्रितों के लिए मेडिकल रिम्बसमेंट (प्रतिपूर्ति अदायगी) की सुविधा है। उन्होंने अपील की इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का अवश्य लाभ उठाये।

## भरदा में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 19 से

**अंडा।** संगीतमय शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा स्थान कबड्डी मैदान ग्राम भरदा में तीन दिवसीय संगीतमय शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचिका पंडित रामगुलाल द्विवेदी की कृपापात्र जयंती द्विवेदी ग्राम कुथरेल कार्यक्रम के मुख्य पावन प्रसंग दिनांक 19 दिसंबर 2025 शुक्रवार कलश यात्रा प्रातः 10 बजे वेदी पूजन शिवमहापुराण महात्म्य अमरकथा दिनांक 20 दिसंबर 2025 शनिवार महाशिवरात्रि पर्व विशेष द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा दिनांक 21 दिसंबर 2025 रविवार मनुवंश का वर्णन शिव विवाह कथा समय - दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजक महापुराण कथा आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी भरदा के सहयोग से हो रहा हैं।

## ग्राम चिंगरी भाठापारा में गुरु घासीदास जयंती व मंड़ई आज

**अंडा।** ग्राम चिंगरी भाठापारा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 दिसंबर दिन गुरुवार युवा शक्ति समिति चिंगरी भाठापारा के द्वारा गुरू घासीदास जयंती एव मंड़ई के शुभ अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रोग्राम लोक रंजनी रायपुर का आयोजन रखा गया है व गुरु घासीदास जी की जयंती ध्वजारोहण में मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य दुर्ग बेला यादव सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी लाल देशमुख पूर्व सभापति जनपद पंचायत दुर्ग भूषण देशमुख उपसरपंच ग्राम चिंगरी पुष्पा देशमुख पूर्व सरपंच ग्राम चिंगरी समय शाम 4:30 बजे यह जानकारी समिति के सदस्य दीपक कुमार सूर्यवंशी द्वारा प्राप्त हुई स्थान ग्राम चिंगरी भाठापारा अध्यक संतोष कुमार खुटेल सदस्य दिनेश बघेल कलीराम खुटेल मुकेश बंजारे अश्विनी खुटेल सुरेंद्र सूर्यवंशी थानु , भूषण देशमुख, सुनील टंडन, गोल्डी, अजय चतुर्वेदी, पप्पू साहू ,कृष्णा राम यादव एवं समस्त भाठापारा वासी एवं समिति सदस्य गण चिंगरी उपस्थित रहेंगे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

**अभियान**

जागरूकता रैली के माध्यम से दिया गया जल संरक्षण का संदेश

# निपानी पंचायत में संचालित मनरेगा कार्यों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जल संचयन जन भागीदारी 2.0 के तहत जनपद पंचायत बालोद ग्राम पंचायत निपानी मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत निपानी में संचालित विकास कार्यों का जिला स्तरीय निरीक्षण मनरेगा परियोजना अधिकारी ओपी. साहू एवं जनपद सीईओ जेएस राजपूत द्वारा किया गया।

निरीक्षण के साथ ग्राम पंचायत में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु बोरीबंधान का कार्य भी सामूहिक सहभागिता से संपन्न हुआ। जिला मे जल संरक्षण अभियान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी के निर्देशन में किया जा रहा है। जल संरक्षण अभियान के तहत बोरीबंधान कार्य किया गया, जिसमें स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, स्कूली छात्र–छात्राएं एवं जलवाहिनी दीदी समूह की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। सभी ने श्रमदान कर वर्षा जल को संरक्षित करने एवं भू–जल स्तर बढ़ाने का संदेश दिया। जनपद सीईओ ने बताया कि जल संरक्षण जैसे कार्यों में बच्चों, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों की भागीदारी अत्यंत सराहनीय है, इससे आने वाली पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ ही जलवाहिनी दीदी समूह द्वारा ग्रामीणों को जल बचाने, स्वच्छता बनाए रखने एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। स्कूली छात्र–छात्रओं को भी जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही इन सभी के साथ मिलकर गांव के पारा मोहल्ले और वार्डो में जागरूकता रैली भी किया गया जिसमें ग्रामीणो का जल संरक्षण का महत्व बताया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत निपानी में मनरेगा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में किए गए निर्माण एवं निजी सोकपिट निर्माण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन अवलोकन करते हुए हितग्राहियो को सोकपिट बनाने के लिए प्रोत्साहित किये।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पंचायतकर्मियों को कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण एवं बोरीबंधान कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक पंचायत प्रतिनिधि, तकनीकी सहायक, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## ग्राम धानापुरी में नाला पर बोरी बंधान, ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**गुरूर।** ग्राम धानापुरी मे लोहार कट्टागाय धराशा नाला में बोरी बंधान कार्य ग्रामीणों द्वारा किया गया। इस दौरान जगतगुरु रामानंद आचार्य संस्था व पंचायत प्रतिनिधि व सदस्य तथा ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

विकासखण्ड मे लगातार गिर रहे भू जल स्तर को सुधारने व आने वाले भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से ग्राम धानापुरी मे नाला मे लगातार बोरी बंधान कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सरपंच खोमन लाल सिन्हा, उपसरपंच उत्तरा राम सिन्हा, पंच संवरी सलाम, हमेश्वरी री मंडावी, कोमल सिंह ठाकुर, संतोशी कुलदीप, देविका बाई, ठामेश्वरी सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, कोमलदेव धुर्वे, छैलेश कुमार सिन्हा, गंगा बाई, अनिता बाई बेसरा, कविता टेकाम, सेवक खेमलाल यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर तुलेश यादव, ग्राम रोजगार सहायक हेमलता सिन्हा, सचिव खिलावन साहू, के सांथ जगतगुरु रामानंद आचार्य संस्था के बिरसिग यादव, जगन्नाथ मंडावी, कोमल मंडावी, सतानु कोर्राम, पंचबती मंडावी, मीना मंडावी, शलैन्द्री, चिता बाई, कलेन्द्र परचामी, सुशीला, शकुन सलाम, सुमित्र यादव, प्यारी सलाम, निरा बाई, नरसो, प्रिति उपस्थित थे।





## गुरु घासीदास की जयंती पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला सतनामी समाज ने 18 दिसंबर को गुरु घासीदास की 269 वी जयंती पर संदेश दिए। आज से आरंभ होने वाला उत्सव 31 दिसम्बर तक चलेगा।

जिला संरक्षक पवन जोशी ने बताया कि बाबा जी का जन्म 18 दिसंबर 1756 में गिरोधपुरी के गांव में हुआ, इनके पिता का नाम महंगू दास माता अमरौतीन था। बाबा की शादी माता सपुरा के साथ हुई, इनके तीन बेटे और एक बेटी थी, बड़े बेटे का नाम अमर दास, द्वितीय पुत्र गुरु बालक दास, तीसरे पुत्र आगर दास उनकी बेटी का नाम माता सोहदरा था। बाबा के अपने उत्तराधिकारी के रूप में द्वितीय पुत्र गुरु बालक दास को दिया। अंग्रेज शासन काल में गुरु बालक दास को राजा की उपाधि से नवाजा गया।



- गुरु घासीदास जयंती पर जिला सतनामी समाज ने दिया एकता और सतनाम का संदेश
- गुरु पर्व के अवसर पर समाज को संगठित रहने का आह्वान

उन्होंने सतनाम आंदोलन को आगे बढ़ाया, सतनामी समाज गुरु प्रधान समाज है, हमेशा रीति नीति पर चलने वाला समाज है, गुरु बालक दास को शूरवीर महान प्रतापी राजा गुरु बालक दास के नाम से जाना जाता था, वे समाज को एकीकरण करने और शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने के लिए साथ ही समाज को संगठित करने के लिए गांव गांव जाकर रावटी कार्यक्रम लगाते थे। उनके सारथी के रुप मे उनके दो महान अंगरक्षक थे एक सरहा दूसरा जोधाई, जो हाथी के समान ताकत रखता था, सतनामी समाज का धर्म स्थल गिरोधपुरी है, जहॉ समाज के धरोहर के रूप में विश्व के सबसे उंचे जैतखाम है, जहां विश्व के लोग देखने के लिए आते हैं, गिरौदपुरी मेला फागुन शुक्ल पक्ष में लगता है, जहां लाखों की संख्या में सर्व समाज के लोग दर्शन के लिए जाते हैं।

जिलाध्यक्ष संजय बारले ने बताया कि जिला सतनामी समाज बालोद का संचालन चार इकाई में किया जाता है, जिला, तहसील, अठगवा व अंतिम ईकाई और सबसे महत्वपूर्ण ग्रामीण है, इसमें जिला द्वारा पारित आदेश को अंतिम इकाई ग्रामीण द्वारा प्राथमिकता से पालन किया जाता है। सतनामी समाज जिला बालोद का अपना खुद का सामाजिक नियमावली है, इसके अंतर्गत सामाजिक रीति नीति का पालन करते हुए समाज का संचालन किया जाता है और समाज को संगठित रहने के लिए समय–समय पर कार्यक्रम का आयोजन गुरु पर्व के रूप मे 18 दिसंबर से 31 दिसंबर तक जिला के विभिन्न ग्रामों में जयंती का आयोजन किया जाता है। जिसमें हमारे जिला पदाधिकारी तहसील पदाधिकारी अठगवा पदाधिकारी सभी अपने–अपने क्षेत्र में दौरा कर समाज को संगठित रहने एवं बाबा जी के संदेश को जनमानस में पहुंचने का कार्य करते हैं। इसमें जिला महासचिव संजय जोशी, सचिव संतराम बंजारे, कोषाध्यक्ष गोवर्धन बारले, उपाध्यक्ष गोपाल बंजारे, रवि टंडन गंगाबाई बंजारे, श्यामा बाई मारकंडे, जिला संरक्षक आसवन बारले, बुटू दास पुणे, पीडी टंडन, विजय बघेल, शशि बंजारे, जिला कोर कमेटी चंद्र कुमार दास देशलहरा, पंडित तुलसीराम बारले, जिला प्रवक्ता लक्ष्मी नारायण बघेल, महिला प्रतिनिधि निर्मला बंजारे समस्त तहसील के अध्यक्ष बालोद धनीराम बारले, डौडीलोहारा धनेश बघेल, गुंडरदेही नीलकंठ टंडन, अर्जुंदा युआर बराहेन, गुरुर लच्छूराम देशलहरा, डौंडी पुरुषोत्तम बारले सभी पदाधिकारी दौरा करेंगे।

## सांसद खेल महोत्सव में युवा खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सांसद खेल महोत्सव के संबंध में जनपद पंचायत गुरूर में बैठक का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव आज से विकासखण्ड में सात कलस्टर मे आरंभ होगा।

जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत युवा प्रतिभागियो को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण स्तर पर खेल, संस्कृति विकसित करने तथा फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 19 दिसंबर से 20 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसके तहत प्राथमिक शाला आनंदपुर के खेल मैदान में ग्राम आनंदपुर, मिर्रीटोला, बोरिदकला, कुम्हारखान, चिटौद, चंदनबिरही बागतराई, बालोदगहन, भेजामैदानी, कोचवाही पोंड के खिलाड़ी भाग लेंगे। हायर सेकेण्डरी स्कूल खेल मैदान बासीन में बासीन, डढ़ारी, गंगोरीपार, बोड़रा, भोथली, मोहारा, जेवरतला, डांडेसरा, धनेली, भुलनडबरी, बोरतरा के खिलाड़ी भाग लेंगे। हायर सेकेण्डरी स्कूल अरमरीकला के खेल मैदान में अरमरीकला, कोसागोंदी, पिकरीपार, अरकार, डोटोपार हसदा, देवकोट, भिरई के खिलाड़ी भाग लेंगे। ग्राम कंवर के खेल मैदान में कंवर, पेण्डरवानी, खुंदनी, अकलवारा, परसुली, सरबदा, सनौद, सांगली, ओझागहन, बोहारा, फागुनदाह, पेरपार, उसरवारा के खिलाड़ी भाग लेंगे। ग्राम धनोरा के खेल मैदान में तार्री, धनोरा, सोनईडोंगरी, टेगना बरपारा, कपरमेटा, छेड़िया, भरदा, घोघोपुरी, बगदई, धोबनपुरी, भानपुरी, सुर्रा, रमतरा, पेंवरो के खिलाड़ी भाग लेंगे। ग्राम सोरर के खेल मैदान में ग्राम सोरर, अर्जुनी, सोंहपुर, बड़भूम, नारागांव, हितेकसा, धानापुरी, मुड़गहन के खिलाड़ी भाग लेंगे। हायर सेकेण्डरी स्कूल कोलिहामार के खेल मैदान में ग्राम दरगहन, मोखा, कन्हारपुरी, कोलिहामार, ठेकवाडीह, दुपचेरा, दर्रा, खर्रा, कनेरी, कुलिया, बोहारडीह के खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल के लिए खिलाड़ियों ने आन लाईन पंजीयन कराया है। सांसद खेल महोत्सव को लेकर खिलाड़ियों मे जबरदस्त उत्साह है, विकासखण्ड मे सातों कलस्टर मे सैकड़ों खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है, जो आज से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## ग्राम बोरी में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 22 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

ग्राम बोरी (लाटाबोड़) में आध्यात्मिक चेतना और भक्ति का संगम होने जा रहा है। आगामी 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक त्रि-दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु कबीर वाणी और सत्संग का लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा और समय आयोजन कर्ता राजूराम साहू ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिनों तक चलने वाला यह समारोह दो सत्रों में संपन्न होगा। प्रथम सत्रः प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक। भोजन अवकाशः दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक उसके बाद कार्यक्रम दोपहर 02:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपन्न होगा। संत मनोहर दास महंत करेंगे कथा वाचन इस सत्संग समारोह के मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध संत मनोहर दास महंत जी होंगे। उनके द्वारा सद्गुरु कबीर के सिद्धांतों, साखियों और जीवन दर्शन पर सारगर्भित व्याख्यान दिया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने और सत्संग का लाभ उठाने की अपील की है। साधु समागम परम सुख, सद्गुरु की वाणी में है सार। इसी ध्येय के साथ ग्राम बोरी में तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद से गूंज उठा पूरा ग्राम

## विराट कलश यात्रा से ग्राम अंजोरा में फैली गायत्री चेतना, राष्ट्र-शौर्य समृद्धि महायज्ञ की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंजोरा, जिला दुर्ग की पावन भूमि आज एक अद्भुत, अलौकिक और ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब राष्ट्र-शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर विराट रूपी कलश यात्रा ग्राम की गली-गली में श्रद्धा, आस्था और राष्ट्रचेतना का प्रकाश फैलाती हुई सम्पन्न हुई। यह कलश यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं थी, बल्कि वह चलती-फिरती साधना, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण का सजीव प्रतीक बनकर प्रत्येक द्वार तक पहुंची।



कलश यात्रा का प्रारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और मां गायत्री के दिव्य जयघोष के साथ हुआ। सिर पर कलश धारण किए श्रद्धामयी माताएं-बहनें, केसरिया ध्वज लहराते कार्यकर्ता, अनुशासित पंक्तियों में चलते युवा और बुजुर्ग—यह दृश्य स्वयं में एक विराट यज्ञ जैसा प्रतीत हो रहा था। मानो सम्पूर्ण ग्राम एक सामूहिक साधना में एकाकार हो गया हो। इस विराट रूपी कलश यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें वेदमूर्ति, युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को जीवंत रूप में जन-जन तक पहुंचाया गया। उनके प्रखर संदेश—व्यक्ति निर्माण से परिवार, परिवार निर्माण से समाज और समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण—को कलश यात्रा के माध्यम से प्रत्येक घर के आंगन तक पहुंचाया गया। यह यात्रा मौन उपदेश नहीं, बल्कि सशक्त जागरण थी। यह केवल दर्शन नहीं, बल्कि जीवन परिवर्तन का आवाहन थी। घर-घर पुष्पवर्षा हुई, दीप प्रज्वलित किए गए, आरती उतारी गई और श्रद्धालु परिवारों ने कलश यात्रा का स्वागत कर स्वयं को धन्य माना। यह दृश्य स्पष्ट संकेत था कि गायत्री चेतना अब केवल यज्ञशाला तक सीमित नहीं, बल्कि जनजीवन में उतर चुकी है। इस यात्रा की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें राष्ट्र-शौर्य और समृद्धि का संदेश प्रमुखता से उद्घोषित हुआ।

आज जब समाज अनेक चुनौतियों, नैतिक पतन और वैचारिक भ्रम से गुजर रहा है, तब यह कलश यात्रा राष्ट्र को चरित्रवान, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ी। यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र की समृद्धि केवल भौतिक साधनों से नहीं, बल्कि संस्कारित नागरिकों से होती है—और गायत्री महायज्ञ उसी संस्कार साधना का महाअभियान है। यह विराट रूपी कलश यात्रा वस्तुत 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का चलायमान संदेश बनी-जिसका उद्देश्य केवल आहुतियाँ देना नहीं, बल्कि विचारों की आहुति देकर मानव चेतना को ऊँचा उठाना है। यह यात्रा हर घर तक यह संदेश पहुँचा गई कि यह महायज्ञ केवल ग्राम अंजोरा का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के नवजागरण का एक पवित्र प्रयास है। आज ग्राम अंजोरा की गलियां केवल मार्ग नहीं रहीं, वे साधना-पथ बन गईं। हर चौक, हर मोड़, हर द्वार एक संस्कार स्थल बन गया। यह कलश यात्रा आने वाले दिनों में होने वाले महायज्ञ की सफलता की शुभ प्रस्तावना बनकर इतिहास के पन्नों में अंकित हो गई।

अंततः कहा जा सकता है कि विराट रूपी कलश यात्रा ने यह सिद्ध कर दिया कि जब अध्यात्म, संस्कार और राष्ट्रभाव एक साथ चलते हैं, तब समाज में नवचेतना का उदय निश्चित होता है। यह यात्रा नहीं, एक आंदोलन है—चरित्र निर्माण का, राष्ट्र उत्थान का और मानवता के उज्ज्वल भविष्य का। माँ गायत्री की कृपा से यह चेतना अनवरत प्रवाहित होती रहे यही इस कलश यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

ब्रह्माकुमारीज के आत्मज्ञान भवन परिसर में होगा विशेष प्रेरक शिविर

## तनावमुक्त और खुशहाल जीवन के सूत्र बताएंगे अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. ईवी गिरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भागदौड़ भरी जिंदगी में तनावमुक्त, खुशियों से भरपूर और सशक्त जीवन कैसे जिया जाए इन्हीं महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देने अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर ईवी गिरीश मुंबई का कार्यक्रम 26 दिसंबर से होने जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आत्मज्ञान भवन आमापारा के बाजू वाला मैदान किलकारी बगीचा, कॉलेज रोड परिसर में होगा। यह विशेष शिविर 30 दिसंबर तक संध्या 6:30 से 8 बजे तक आयोजित होगा।

वाह जिंदगी वाह आत्मिक सशक्तिकरण से जीवन को बनाएं खुशनुमाः इस विशय पर वर्ष के अंतिम माह में आयोजित होने वाला यह शिविर प्रतिभागियों को संकल्प, संबंध और कर्म में मधुरता लाने की कला सिखाएगा, ताकि आने वाला नया वर्ष 2027 अधिक उमंग, उत्साह और खुशी से भरा हो। प्रो. गिरीश तनावमुक्त जीवन के रहस्य, चुनौतियों का सामना करने और आंतरिक शक्ति को जागृत करने के व्यवहारिक उपाय साझा करेंगे।

प्रो. ईवी. गिरीश पिछले 30 वर्षो से राजयोग ध्यान विधियों, ईश्वर प्रदत्त बुध्दिमत्ता और गहन आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि के माध्यम से लोंगो का जीवन बदलने का कार्य कर रहे है।

विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में उनकी उपस्थिति उल्लेखनीय रही है। इसरो भारतीय सेना–असम राइफल्स, नाबार्ड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा इंस्टीट्यूट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अनेक विश्व विद्यालय एवं आईआईएमएस इन संस्थाओं में उन्होंने नेतृत्व, संबंध, तनाव प्रबंधन, ऊर्जा जागरण, माइंड पॉवर जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया है। शिविर मे संध्या 6:30 से 8 बजे तक इच्छुक प्रतिभागी इस शिविर का लाभ ले सकते है। प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है, लेकिन रजिस्ट्रेशन आवश्यक रखा गया है।

शहर में शिविर के प्रचार कार्ड वितरित किए जा रहे है तथा प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स लगाए गए है, इसकी जोर शोर से तैयारियां चल रही है। यह शिविर जीवन को नई दिशा देने, तनावमुक्त बनने और सकारात्मक ऊर्जा से भरने का अद्भूत अवसर लेकर आ रहा है, जिसकी शहर में व्यापक चर्चा हो रही है।

